प्रश्न–अभ्यास : प्रश्नोत्तर

पाठ से :

1. बहुविकल्पीय प्रश्न

(अ) भूतपूर्व राष्ट्रपति ए.पी.जे.अब्दुल कलाम का जन्म हुआ था ।

(क) बिहार में (ख) उड़ीसा में

(ग) तमिलनाडु में (घ) कर्नाटक में

(ब) रामानन्द के पिता थे ।

(क) सरकारी सेवक (ख) मन्दिर के पुजारी

(ग) किसान (घ) व्यवसायी

(स) अब्दुल कलाम के बचपन में कितने पक्के मित्र थे ।

(क) दो (ख) तीन

(ग) चार (घ) पाँच

उत्तर—1.(अ)-(ग), (ब)-(ख), (स)-ख) ।

2. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को शिक्षा ग्रहण करने में किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा ?

2. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को शिक्षा ग्रहण करने में अपने कतिपय शिक्षकों व उनसे जुड़े व्यक्तियों के द्वारा उनके प्रति संप्रदायिक भेद-भाव करने की कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

4. रामानन्द के पिता ने दोनों दोस्तों के प्रति भेद-भाव का व्यवहार करने वाले शिक्षक से क्या कहा और ऐसा उन्होंने क्यों कहा ?

4. रामानन्द के पिता ने दोनों दोस्तों के प्रति भेद-भाव का व्यवहार करने वाले शिक्षक से कहा कि उन्हें निर्दोष बच्चों के दिमाग में इस प्रकार की सामाजिक असमानता एवं सांप्रदायिकता का विष नहीं घोलना चाहिए । ऐसा उन्होंने इसलिए कहा ताकि वह शिक्षक अपनी धारणा बदल ले और अपने दिमाग की गन्दगी को साफ कर लें । और वाकई शिक्षक में अंततः बदलाव आ गया ।